# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

सोमवार

6 अप्रैल, 2026

वर्ष 2, अंक 62 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com



जानकी शिशु महाविहार

शिशु स्तर से पंचम स्तर तक

विशेषताएँ :-

- सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
- स्मार्ट क्लास
- सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
- कंप्यूटर क्लास


## राजगीर में आरएमपी का राज्य सम्मेलन, प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों को चिकित्सा मित्र बनाने की उठी मांग



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रविवार को राजगीर स्थित सरस्वती भवन में ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिसनरों का राज्य स्तरीय सम्मेलन सह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने की।

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा एनआईओएस, पटना के माध्यम से लगभग 40 हजार आरएमपी को प्राथमिक उपचार के लिए प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए सरकार से मांग की कि प्रशिक्षित आरएमपी को "चिकित्सा मित्र" के रूप में बहाल कर सरकारी सेवा में शामिल किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाया जा सके।

सम्मेलन में प्रशिक्षण देने वाले चिकित्सकों में पटना के कैंसर सर्जन डॉ. नवीन कुमार, बिहारशरीफ के ऑर्थो सर्जन डॉ. चंदेश्वर प्रसाद, फिजिशियन डॉ. दीनानाथ वर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव रंजन, यूरोलॉजी सर्जन डॉ. पवन कुमार भारती, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण कुमारी, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, ईएनटी सर्जन डॉ. अरुण कुमार तथा डेंटल सर्जन डॉ. अनिल प्रसाद सहित कई चिकित्सक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने वाले आरएमपी सदस्यों कोसम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में आरएमपी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि गरीबों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स नालंदा के अध्यक्ष अनिल कुमार अकेला ने कहा कि कोरोना काल में आरएमपी ने महत्वपूर्ण सहयोग देकर लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य किया था।

कार्यक्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यदुनंदन प्रसाद, सचिव डॉ. संजय कुमार सहित कई सदस्य मौजूद रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शशिभूषण प्रसाद ने किया।

## रायफल के साथ रील बनाने वाले दो युवक गिरफ्तार, हथियार जब्त

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोशल मीडिया पर रायफल जैसा हथियार लहराते हुए रील बनाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला दीपनगर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार चार अप्रैल 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दो युवक रायफल जैसे हथियार के साथ आक्रामक अंदाज में रील बनाते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद मामले की जांच के लिए दीपनगर थाना को निर्देश दिया गया।


सत्यापन के दौरान वीडियो में दिख रहे एक युवक की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव निवासी करण राज उर्फ श्रवण कुमार (26 वर्ष), पिता विरजू महतो के रूप में की गई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वीडियो उसी का है और हथियार को अपने भूसा घर में रखा था। उसने बताया कि यह हथियार झारखंड से खरीदा गया था और एयरगन है। युवक ने यह भी स्वीकार किया कि वह इसे लेकर इधर-उधर घूमता था और लोगों को डराने के उद्देश्य से रील बनाता था।

वीडियो में दिखाई देने वाले दूसरे युवक की पहचान पहाड़पुरा निवासी शाहिल कुमार (23 वर्ष), पिता अशोक प्रसाद के रूप में हुई। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान हथियार से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया।

इसके बाद पुलिस ने उक्त हथियार को जब्त कर लिया और दोनों युवकों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दीपनगर थाना कांड संख्या 173/26, दिनांक पांच अप्रैल 2026 को दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि जब्त हथियार को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी नालंदा द्वारा साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा के विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में रविवार को साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य निसहाय और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच कर मरीजों को आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया।शिविर में कुल 160 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्याम बिहारी ने 41 मरीजों की जांच की, जबकि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव कुमार सिंह ने 40 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें उचित सलाह दी। फिजिशियन डॉ अखिलेश कुमार, डॉ वीरेंद्र कुमार और डॉ इंद्रजीत कुमार ने मिलकर 70 मरीजों की जांच की। वहीं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ स्मृति सिन्हा ने 18 लोगों की दांत संबंधी समस्याओं की जांच कर उपचार संबंधी सलाहदी। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मोहम्मद शहजाद आलम ने भी कई मरीजों का परीक्षण किया। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ गौतम कुमार और डॉ रितेश कुमार ने 15 लोगों को परामर्श दिया तथा 30 लोगों की मधुमेह की जांच की गई।

शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए काफी सहायक साबित हो रहे हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने बताया कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी जारी रहेगा और प्रत्येक रविवार को लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार, मोहम्मद अखलाक अहमद, सुधांशु रंजन, दिलीप पासवान, परमेश्वर महतो समेत कई आजीवन सदस्य उपस्थित रहे और शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


## पंचायती के दौरान विवाद में मारपीट, दोनों पक्षों से तीन लोग घायल

पंथरथरी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के बेरमा गांव में पंचायती के दौरान मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से थाने में कुल 16 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पहले पक्ष के पीड़ित बुद्धदेव रविदास ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि एक दिन पहले उनका दिलचंद रविदास से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद को सुलझाने के लिए अगले दिन सुबह गांव के समाजसेवियों की मौजूदगी में पंचायती हो रही थी। इसी दौरान दिलचंद रविदास, संतोष रविदास, रौशन रविदास समेत आठ लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में बुद्धदेव रविदास और उनके बेटे का सिर फट गया और वे लहूलुहान हो गए। वहीं उनकी पत्नी के साथ भी मारपीट की गई, जिससे वह बेहोश हो गईं।

दूसरे पक्ष के दिलचंद रविदास ने भी आरोप लगाया कि बुद्धदेव रविदास, राजकुमार रविदास, दीपक रविदास समेत अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस घटना में उनके हाथ की उंगली फट गई और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि बेरमा गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में दोनों पक्षों से आठ-आठ लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101110252504 32E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# अजयपुर घटना के विरोध में भाकपा माले का हिलसा में प्रतिरोध मार्च





हिलसा (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड के अजयपुर गांव में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास की घटना के विरोध में भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने राजव्यापी कार्यक्रम के तहत हिलसा में प्रतिरोध मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घटना में शामिल आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की।

प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व प्रखंड कार्यालय सचिव दिनेश कुमार यादव, करायपरसुराय प्रखंड सचिव रविंद्र पासवान और थरथरी प्रखंड प्रभारी मुनी लाल यादव ने संयुक्त रूप से किया। मार्च पार्टी कार्यालय से निकलकर काली स्थान, वरुण ताल सिनेमा मोड़ होते हुए जोगीपुर मोड़ पहुंचा, जहां यह सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता खेत ग्रामीण मजदूर सभा के प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने की।सभा को संबोधित करते हुए दिनेश कुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले में दिनदहाड़े महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की कोशिश अत्यंत शर्मनाक घटना है। उन्होंने कहा कि इस मामले में शामिल सभी आरोपितों को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। साथ ही पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की।उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता की स्थिति है। उन्होंने लोगों से अन्याय और अपराध के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की।

इस मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, जिला कमेटी सदस्य विजय यादव, चुन्नू चंद्रवंशी, बाखोरी प्रसाद उर्फ बाखोरी मुखिया, उमेश जमादार, इंदल बिंद, भीम बिंद, रामप्रवेश साहनी, शंकर प्रसाद, दुलारचंद पासवान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।










# Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

## Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




### Modular Kitchen

✓ Cabinets, shutters, drawers



### TV Unit & Wall Panels

✓ Modern design, storage



### Wardrobes & Closets

✓ Sliding, swing, loft, drawers



### Bathroom Vanities

✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 | www.kalopehomes.com | Patna, Bihar

# हरनौत संत कैथोलिक चर्च में धूमधाम से मनाया गया ईस्टर, हुई विशेष प्रार्थना सभा



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार स्थित संत कैथोलिक चर्च में रविवार को ईसाई समुदाय द्वारा ईस्टर पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मसीही समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की खुशी साझा की।

पर्व के मौके पर चर्च में सुबह आठ बजे और दस बजे विशेष पूजा एवं प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने चर्च में ज्योति स्थापित कर उसके सम्मान में प्रार्थना की, जिसके साथ पूजा-पद्धति का विधिवत आरंभ हुआ। इस दौरान बाइबिल पाठ और स्तुति-गान भी किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक माहौल बना रहा।

चर्च के पादरी एंड्रुस राजा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ईस्टर पर्व ईसाई धर्म का अत्यंत महत्वपूर्ण त्योहार है, जो गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की स्मृति में मनाया जाता है। यह पर्व विश्वास, आशा और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है।

पादरी एंड्रुस राजा ने बताया कि प्रभु यीशु के चालीसा अर्थात तपस्या और उपवास का समय 18 जनवरी से प्रारंभ हुआ था। इस अवधि में रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में चर्च की घंटी नहीं बजाई जाती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार रात ईस्टर पूजा के दौरान घंटी दोबारा बजाई गई, जो प्रभु यीशु के पुनरुत्थान का प्रतीक है।प्रार्थना सभा के समापन के बाद मसीही समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर प्राचार्य फादर अनिल जोन, फादर पीटर, सिस्टर दीपा सरदार, अनिता, राजेंद्र दीपक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# उर्दू प्राथमिक विद्यालय कोनासराय में पांचवीं उत्तीर्ण छात्रों को दी गई भावपूर्ण विदाई



आर संतोष भारती

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सदर प्रखंड के उर्दू प्राथमिक विद्यालय, कोनासराय में पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए भावपूर्ण माहौल में विदाई दी।समारोह के दौरान शिक्षक मो. नजमुद्दीन ने उत्तीर्ण छात्रों को डायरी, कलम और माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आगे की पढ़ाई पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा साधन है और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा समर्पित रहना चाहिए।प्रधान शिक्षक रवि रंजन कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाते हुए कहा किजहां भी जाएं, अनुशासन और संस्कार को कभी न छोड़ें। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा का अर्थ केवल मैट्रिक या इंटर पास करना नहीं है, बल्कि अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सह-शैक्षिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी की सलाह दी।वहीं शिक्षिका शगुफ्ता परवीन ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार क्षेत्र चुनने तथा उसमें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर विद्यालय की ओर से हमेशा मार्गदर्शन और सहयोग दिया जाएगा।इस अवसर पर तालीमी मरकज के शहंशाह आलम ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान छात्रों और शिक्षकों के बीच भावनात्मक माहौल देखने को मिला। अंत में सभी ने बच्चों के सफल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं दीं।







# मदारगंज मैदान में पंकज जी महाराज का सत्संग, हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। इस्लामपुर प्रखंड के कोचरा स्थित मदारगंज मैदान में रविवार को परम पूज्य संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी सह संस्थाध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज के सान्निध्य में भव्य सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।


सत्संग के दौरान पूज्य पंकज जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जीवन, सदाचार और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अच्छे कर्म, सत्य और भक्ति का मार्ग अपनाना चाहिए, तभी जीवन सफल बन सकता है।

कार्यक्रम में महिला, पुरुष और बच्चों सहित लगभग दस हजार श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग के दौरान पूरे मैदान में भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालु पूरे मनोयोग से संत के प्रवचनों को सुनते नजर आए।सत्संग कार्यक्रम के समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर संस्था की ओर से प्रकाशित धार्मिक पुस्तकों, टोपी, झंडा और अन्य सामग्री की बिक्री के लिए कई स्थानों पर स्टॉल भी लगाए गए थे, जहां श्रद्धालुओं ने काफी रुचि दिखाई।

इस अवसर पर बिहार प्रदेश आदर्श चौरसिया सभा, पटना के राज्य सचिव आलोक कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सत्संग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में बदल दिया।














# पांकी गांव में 07 अप्रैल से श्री सीताराम महायज्ञ, निकलेगी भव्य कलश यात्रा

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सिलाव थाना क्षेत्र के गोरमां पंचायत अंतर्गत पांकी गांव में 07 अप्रैल से श्री सीताराम महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु इस महायज्ञ को लेकर काफी उत्साहित हैं और इसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

महायज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें लगभग 700 महिलाओं के शामिल होने की संभावना है। यह कलश यात्रा पांकी गांव स्थित यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर नेपुरा, सिलाव और भुई मोड़ होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु महिलाएं सिर पर पवित्र कलश लेकर भगवान श्रीराम और माता सीता के जयकारे लगाते हुए क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान करेंगी।

महायज्ञ को लेकर यज्ञ स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी सजावट, धार्मिक ध्वज-पताकाओं और भव्य पंडालों से पूरा परिसर सुसज्जित किया गया है। गांव के लोग पूरे उत्साह के साथ इस धार्मिक आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस प्रकार के महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन और धार्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा।




यज्ञ समिति के सदस्यों ने जिले के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन आयोजन में भाग लेने और धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।







संपादकीय

जे पी चौधरी



# केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से ही रुपये का गिरना संभल सकता है

युद्ध के फलस्वरूप उत्पन्न ऊर्जा संकट के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये का अब तक सबसे निचले स्तर पर पहुंचना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती है। निश्चित रूप से मजबूत मुद्रा भंडार होने के बावजूद रुपये पर दबाव होना, देश के सामने कई तरह मुश्किलें पैदा कर सकता है। कहा जा रहा है कि भारत फिर 2013 जैसी स्थितियों से रूबरू है। लेकिन इस बार जहां मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है, वहीं तमाम वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति 2013 के मुकाबले मजबूत है। दरअसल, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशक डॉलर को मजबूत निवेश के विकल्प के रूप में देखते हैं। इसीलिए वे उभरती अर्थव्यवस्थाओं से पूंजी निकालकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में निवेश कर रहे हैं। जिससे डॉलर मजबूत हो रहा है और रूपये जैसी दूसरी मुद्राएं कमजोर हो रही हैं। इसकी एक वजह अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती भी है। जिसका नकारात्मक प्रभाव भारत जैसे विकासशील देशों की मुद्राओं पर पड़ता है। यही वजह है कि एशिया में बेहद कमजोर स्थिति वाली मुद्राओं में रुपये भी शामिल है। ऐसी स्थिति में हमारे निर्यात सस्ते और आयात महंगे होने से अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एक हकीकत यह भी है कि ईरान व अमेरिका के बीच जारी युद्ध से कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने व पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें बढ़ने से भी रुपये पर दबाव बढ़ा है। इसकी एक विसंगति यह भी है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। जिसका प्रतिशत 85 फीसदी के करीब है। फलत: तेल कंपनियां अधिक डॉलर की मांग कर रही हैं,जिसका असर रूपये की सेहत पर भी पड़ रहा है। लेकिन पिछले एक साल में रुपये के मूल्य में दस फीसदी गिरावट और डॉलर के मुकाबले उसका सर्वकालिक निम्न स्तर तक पहुचना हमारी गंभीर चिंता का विषय होना ही चाहिए।

आशंका जतायी जा रही है कि यदि ईरान व अमेरिका का युद्ध और लंबा खिंचता है तो रूपये के मूल्य में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि, अपनी तरफ से देश के केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक व रणनीतिक उपायों से रुपये की गिरावट को थमाने के प्रयास किए हैं, लेकिन उसका सीमित प्रभाव ही रहा है। भले ही भारत के पास सात सौ अरब डॉलर से ज्यादा का विदेशी मुद्रा भंडार हो, लेकिन उसका भी सीमित उपयोग ही रुपये के संरक्षण में हो सकता है। हालांकि, भारत के पास इतना विदेशी मुद्रा का भंडार है कि दस महीने के आयात को सहजता से संचालित किया जा सकता है। वास्तव में वैश्विक परिदृश्य में जारी उथल-पुथल से बाधित आर्थिकी और असुरक्षा के चलते डॉलर की बढ़ती मांग ने रूपये को कमजोर बनाया है।

इसके बावजूद केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से ही रुपये का गिरना संभल सकता है। केंद्रीय बैंक तेल कंपनियों के डॉलर के अतिरिक्त दबाव को कम करने को कदम उठा सकता है। एसबीआई की एक रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि तेल कंपनियों के लिये अलग डॉलर विंडो बनाये जाने से रुपये पर अचानक पड़ने वाला दबाव कम हो सकता है। हर दिन तेल कंपनियों को भारी मात्रा में डॉलर की जरूरत होती है। यही मांग बाजार में रुपये पर अतिरिक्त दबाव बना रही है।

# भोला बाबू ने नालंदा के तीन गांवों को दी सामुदायिक भवन की सौगात






अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड क्षेत्र के तीन गांवों में सामुदायिक भवन के उद्घाटन एवं स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मलिकपुर, मितमा और माहुरी गांव में नवनिर्मित सामुदायिक भवनों का उद्घाटन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मलिकपुर गांव में सामुदायिक भवन के उद्घाटन से हुई। इसके बाद मितमा गांव में आयोजित समारोह का उद्घाटन श्रीमती जय लक्ष्मी देवी ने किया। वहीं माहुरी गांव में देवी स्थान के पास बने सामुदायिक भवन का उद्घाटन समारोह मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मंच पर नालंदा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कौशलेंद्र कुमार, राजगीर के विधायक कौशल सिंह, दोसूत विधानसभा क्षेत्र के संभावित विधायक प्रत्याशी अजय कुमार, प्रतिनिधि टूना जी तथा अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह के दौरान अतिथियों का स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।कार्यक्रम में बताया गया कि भोला बाबूजनार्दन सिंह उर्फ हनुमान जी के प्रयास से अब तक लगभग 30 सामुदायिक भवनों का निर्माण और उद्घाटन कराया जा चुका है। उन्होंने क्षेत्र के कई गांवों को गोद लेकर उनके विकास के लिए कार्य करने की बात कही।समारोह में उपस्थित अतिथियों ने सामाजिक कार्यों के लिए भोला बाबू की सराहना करते हुए उन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम के आयोजन में एयरस्टो कंपनी की सीएसआर टीम ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

इस मौके पर पूर्व मुखिया अनिल कुमार सिंह, बुधन भाई, मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान गांवों के विकास और सामाजिक एकता पर भी चर्चा की गई।

# सिलाव रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आया बुलेट सवार, हाथ कटा

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सिलाव रेलवे स्टेशन के पास पथला टीलहा रेलवे क्रॉसिंग पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से बुलेट मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसका एक हाथ कटकर अलग हो गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है। बताया जाता है कि घायल व्यक्ति राहुई थाना क्षेत्र का निवासी है और बुलेट मोटरसाइकिल से पूर्व दिशा की ओर जा रहा था। इसी दौरान वह सिलाव स्टेशन के आगे पथला टीलहा रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा, तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे में उसका एक हाथ कटकर अलग हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल व्यक्ति को उठाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों ने रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# दीपनगर पुलिस की कार्रवाई में देसी पिस्तौल और गोली के साथ युवक गिरफ्तार

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। दीपनगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को देसी पिस्तौल, मैगजीन और जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य युवकों को निरुद्ध कर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस को चार अप्रैल 2026 को सूचना मिली थी कि देवीसराय चौक के महुआबाग इलाके में तीन युवक हथियार के साथ घूम रहे हैं और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की संभावना है। सूचना मिलते ही दीपनगर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी कर दी।

घेराबंदी के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर तीन युवकों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के क्रम में एक युवक के पास से एक देसी पिस्तौल, दो मैगजीन और पांच जिंदा गोलियां बरामद की गईं। गिरफ्तार युवक की पहचान अम्बेदकर कुमार (21 वर्ष), पिता दिनेश पासवान, निवासी देवीसराय, थाना दीपनगर, जिला नालंदा के रूप में हुई है।

पुलिस ने मौके से बरामद हथियार और गोलियों को जब्त कर लिया है। साथ ही अम्बेदकर कुमार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया, जबकि उसके साथ मौजूद दो अन्य युवकों को भी निरुद्ध कर पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि निरुद्ध युवकों में एक इस्लामपुर और दूसरा देवीसराय का रहने वाला है।पुलिस के अनुसार सभी से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। छापेमारी अभियान में दीपनगर थाना के अपर थानाध्यक्ष और उनकी टीम शामिल रही। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# डैफोडिल पब्लिक स्कूल में हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्थानीय मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में "स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक बनाना तथा विद्यालयों में स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ नालंदा सहोदया क्लस्टर के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव आशीष रंजन, सीबीएसई रिसोर्स पर्सन मिसेज रुबीना निशात, पवन कुमार वर्मा, कुंदन पाठक, डॉ स्वाति, डॉ संजय कुमार, गौसिया परवीन, दीपक कुमार, रश्मि रानी तथा वेन्यू डायरेक्टर डॉ रवि चंद कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों का समग्र विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल शैक्षणिक उपलब्धि ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और भावनात्मक मजबूती भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें और विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण तैयार करें।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान रिसोर्स पर्सन मिसेज रुबीना निशात और पवन कुमार वर्मा ने हेल्थ एंड वेलनेस के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, जीवन कौशल, स्वच्छता, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण



विषयों पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। गतिविधि आधारित शिक्षण, संवादात्मक सत्र,चित्रांकन और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को विषय की गहराई से समझ दी गई।

प्रशिक्षकों ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों पर पढ़ाई का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में विद्यालयों में हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन बेहद जरूरी है, ताकि विद्यार्थी तनावमुक्त रहकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें और उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। प्रतिभागियों ने उम्मीद जताई कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित होते रहेंगे, जिससे शिक्षकों के ज्ञान और कौशल में निरंतर वृद्धि होती रहे।

इस दौरान योग और प्राणायाम का प्रशिक्षण रीना कुमारी के द्वारा दिया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान पुलकेश पांडे, डॉ महेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, नीतीश कुमार, रीना कुमारी, श्यामा परवीन, रवि रंजन भारती, सभ्यता चामलिंग, अतुल कुमार, शिल्पा कुमारी, चंद्र भूषण शर्मा, हिना कौसर और प्रशांत कुमार को प्रश्नों के सही उत्तर देने के लिए पुरस्कृत किया गया। अंत में दीपक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।



# रुखाई और मोसीमपुर में कर्पूरी सामुदायिक चौपाल भवन का उद्घाटन, जुटे जनप्रतिनिधि



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड के रुखाई और मोसीमपुर गांव में नवनिर्मित कर्पूरी सामुदायिक चौपाल भवन का विधिवत उद्घाटन भाजपा नेता सह राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह और हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह ने कहा कि कर्पूरी सामुदायिक चौपाल भवन का निर्माण समाज के लोगों को एक साझा मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने बताया कि इन चौपाल भवनों का उपयोग ग्रामीण अपने सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कर सकेंगे। साथ ही यह भवन श्रमिकों और राहगीरों के विश्राम के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा।

सांसद डॉ. भीम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके सांसद निधि और अन्य कोष से पूरे बिहार में लगभग 500 कर्पूरी सामुदायिक चौपाल का निर्माण कराया गया है। इनमें नालंदा जिले में करीब 26 से 30 चौपाल भवन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक चौपाल भवन का निर्माण लगभग 5 लाख 30 हजार रुपये की लागत से कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह चौपाल भवन चंद्रवंशी समाज के लोगों के लिए विकास और सामाजिक जागरूकता का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इससे समाज के लोगों में आपसी एकता और संगठन को भी मजबूती मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि एनडीए सरकार चंद्रवंशी समाज की सच्ची हितैषी रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में समाज के उत्थान और विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की गति लगातार तेज हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों तक बिजली पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे कृषि कार्य में काफी सहूलियत मिल रही है और किसानों को लाभ मिल रहा है।

विधायक ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि नीतीश सरकार ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। इसके अलावा वर्ष 2006 में पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिससे स्थानीय शासन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि साइकिल योजना, पोशाक योजना और अन्य कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से छात्राओं और महिलाओं की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को सजाने और संवारने का कार्य किया है और विकास की कई नई योजनाएं लागू की गई हैं।

इस अवसर पर जदयू उपाध्यक्ष अनिल कुमार, भाजपा प्रवक्ता धीरेन्द्र रंजन, डॉ. मिथलेश कुमार, पप्पू चंद्रवंशी सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रतिनिधि, ग्रामीण और गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान लोगों ने चौपाल भवन के निर्माण पर खुशी जताते हुए इसे ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



# ट्रक के गुप्त तहखाने से 1239 लीटर विदेशी शराब बरामद, जहानाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में शराब माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में एक ट्रक के गुप्त तहखाने से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की गई।

यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान के दिशा-निर्देश में मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की टीम द्वारा की गई। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जहानाबाद जिला प्रशासन शराब तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना क्षेत्र के एरकीबाईपास के पास एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया।

जांच के दौरान ट्रक में बनाए गए गुप्त तहखाने से कुल 1239.765 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है और ट्रक को भी कब्जे में ले लिया गया है।

उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शराब तस्करी के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# नेहुसा में 12 अप्रैल से शुरू होगा दो दिवसीय बाबा चौहरमल मेला

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के नेहुसा गांव में श्री श्री 108 श्री बाबा चौहरमल स्मारक समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय बाबा चौहरमल मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 12 और 13 अप्रैल को आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

समिति के अध्यक्ष विजय पासवान ने बताया कि इस दो दिवसीय मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और रंग-बिरंगी दुकानों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत दुगोला और नाट्य मंचन का भी आयोजन होगा, जिससे मेले में आने वाले लोगों का भरपूर मनोरंजन हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि बाबा चौहरमल समाज से जुड़े एक महान महापुरुष थे, जिनके साहस और आदर्श आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। उनका जन्म मोकामा अंचल के शंकरबाड़ टोला में चार अप्रैल 1313 को चैत्र पूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके पिता का नाम बंदिमल और माता का नाम रघुमति था। बचपन से ही वे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बने।

समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस महोत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल के साहस, त्याग और आदर्शों को लोगों तक पहुंचाना तथा नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा देना है। मेले के सफल आयोजन को लेकर समिति के सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं र्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

# जीविका सीसी ने धमकी, मोबाइल छीनने और अवैध वसूली का कराया मामला दर्ज

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के चांद सीएलएफ पोआरी अंतर्गत कार्यरत जीविका सामुदायिक समन्वयक (सीसी) रेखा कुमारी ने हरनौत थाना में आवेदन देकर धमकी और अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

आवेदन में रेखा कुमारी ने किचनी गांव निवासी जितेंद्र कुमार और उनकी पत्नी आरती देवी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि चंचल ग्राम संगठन से जुड़ी जीविका दीदी आरती देवी और उनके पति द्वारा उन्हें मारने की धमकी दी गई तथा मोबाइल छीन लेने की बात कही गई।रेखा कुमारी ने यह भी आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दी जा रही 10 हजार रुपये की वित्तीय सहायता से जुड़ी जीविका दीदियों से 500-500 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। यह राशि जीविका समूह से जुड़ी या नई सदस्य बनने वाली महिलाओं के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की जाती है।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है और जांच की जिम्मेदारी एएसआई कृष्णा कुमार को सौंपी गई है। एएसआई कृष्णा कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में लगभग एक मिनट 36 सेकंड का एक ऑडियो क्लिप भी मिला है, जिसमें जितेंद्र कुमार द्वारा धमकी देने की बात सामने आई है। ऑडियो में कथित तौर पर कहा जा रहा है कि रेखा को आज या कल मार दिया जाएगा और उसका मोबाइल भी छीन लिया जाएगा।

पुलिस ने कहा कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चंचल ग्राम संगठन में महीनों से सीएम पद रिक्त, कार्य संचालन में हो रही परेशानी

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के पोआरी सीएलएफ अंतर्गत संचालित चांद जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के तहत कुल 40 ग्राम संगठन (वीओ) कार्यरत हैं। इनमें से किचनी गांव स्थित चंचल ग्राम संगठन में सामुदायिक प्रेरक (सीएम) का पद पिछले कई महीनों से रिक्त पड़ा है, जिससे समूह के कार्य संचालन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।लोहरा और पचौरा पंचायत में कार्यरत जीविका सामुदायिक समन्वयक (सीसी) रेखा कुमारी ने बताया कि उन्हें दोनों पंचायतों में कुल 16 ग्राम संगठनों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिनमें से सात ग्राम संगठन लोहरा पंचायत में आते हैं। किचनी गांव के चंचल ग्राम संगठन में लंबे समय से सीएम का पद खाली है। उन्होंने बताया कि इस रिक्त पद को भरने के लिए कई बार सीएलएफ के अध्यक्ष और सचिव को जानकारी दी गई, लेकिन अब तक चयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है।

उन्होंने कहा कि सीएम के नहीं रहने से समूह की नियमित बैठकें आयोजित करने, मासिक रिपोर्ट तैयार करने और अन्य प्रशासनिक कार्यों में परेशानी होती है। इस ग्राम संगठन में कुल 17 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं और प्रत्येक समूह में लगभग 12 से 15 जीविका दीदियां जुड़ी हुई हैं। वर्तमान में यहां केवल एक बुक कीपर कार्यरत है।

पहले यहां रिंकू कुमारी और कविता कुमारी सीएम के रूप में कार्य कर रही थीं। कविता कुमारी की शादी हो जाने के कारण उन्होंने फरवरी में कार्य छोड़ दिया, जबकि रिंकू कुमारी को समय पर मासिक रिपोर्ट नहीं देने और समूह बैठकों में सक्रिय नहीं रहने के कारण पद से हटा दिया गया था। फिलहाल एक समूह पर 800 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है। इस हिसाब से चंचल ग्राम संगठन के 17 समूहों के लिए कुल 13 हजार 600 रुपये का भुगतान निर्धारित है।

# मोटरसाइकिल-स्कूटी टक्कर के बाद ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की दर्दनाक मौत

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई थाना क्षेत्र के मंदिरपुर स्थित एसएच-78 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। मोटरसाइकिल और स्कूटी की टक्कर के बाद मिट्टी लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंदिरपुर के पास अचानक मोटरसाइकिल और स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद एक युवक सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे मिट्टी लदे ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जुट गए।

स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा, जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार दुर्घटना में शामिल वाहनों की पहचान की जा रही है और मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान

## नालन्दा की जनता की आवाज

अपने क्षेत्र की खबर भेजने
ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251